करोड़ रुपयों में

2. हिन्दुस्तान कॉपर लि.	
(क) खेतड़ी में प्रद्रावक का आधुनिकीकरण	21.00
(ख) खतड़ी में केन्टप प्रद्रावक	1.00
3. पायराइट्स फास्फेट्स केमिकल्स लि.	
(क) सलादीपुरा-नई योजनायें	1.90
4. एच० एम० टी० लि०, अजमेर	
(क) नई योजनायें	1.00
जोड़	53.40

राजस्थान के भीलवाड़ा जिले में संचार सुविधायें

3239. **श्री सन्तोष बागड़ोदिया :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि राजस्थान के भीलवाड़ा जिले में संचार सुविधाओं की अत्यधिक कमी है ;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या यह सच है कि इस जिले में लगातार कई कई दिनों तक टेलीफोन व्यवस्था खराब पड़ी रहती है, यदि हां, तो पिछले एक वर्ष के दौरान इस आशय की कितनी शिकायतें प्राप्त हुई हैं और क्या सभी शिकायतों की सुनवाई की गई है; और

(घ) इस जिले में संचार प्रणाली के सुचारू रूप से काम करने के लिए सरकार क्या उपाय कर रही है ?

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री गिरिधर गोमांगो) : (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता।

(ग) जी नहीं। वर्ष 1987-88 1-4-87 से 31-3-88 तक) कुल 82 लिखित शिकायतें प्राप्त हुई। इनमें से 77 लिखित शिकायतों का निपटान कर दिया गया। केवल 5 शिकायतें मार्च, 1988 के अन्त में लंबित थीं जिन्हें अप्रैल, 1988 की प्रारंभिक अवधि में निपटा दिया गया।

(घ) दूरसंचार सेवाओं में सुधार के लिए प्रभावी मानीटरिंग और निकट से पर्यवेक्षण कार्य सहित विभिन्न उपाय किए गए हैं। इसके अलावा सातवीं योजना के दौरान भीलवाड़ा में आई सी पी क्रासबार एक्सचेंज और मंडल तथा मंडलगढ़ में सी-डाट इलैक्ट्रानिक एक्सचेंज चालू करने की योजना बनाई गई है।

राजस्थान के शहरों में एस० टी० डी० सुविधा

3240. **श्री सन्तोष बागड़ोदिया :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राजस्थान के किन-किन शहरों में अब तक उपभोक्ता ट्रंक डायलिंग सुविधा उपलब्ध करायी गई हैं ;